# O X F O R D (N) S C H O O L

Opp. Yogda Math, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596735


**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑक्सफोर्ड नर्सरी स्कूल, रांची में गेम्स एंड गर्ल्स कार्यक्रम का भव्य समापन

आज दिनांक 2 अप्रैल 2025 का दिन ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल राँची के लिए दुगने उत्साह का रहा, एक तरफ प्रकृति पर्व सरहुल की खुशियाँ और दूसरी तरफ पिछले पाँच दिनों से चले आ रहे हैं 'गेम्स एंड गिगल्स' कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह का आयोजन।

इस कार्यक्रम की शुरुआत 26 मार्च को पारस हॉस्पिटल धुर्वा के सौजन्य से 'फ्री हेल्थ चेकअप कार्यक्रम' से हुआ। इसके बाद निरंतर चार दिनों तक बच्चों एवं अभिभावकों के लिये शरीर को स्फूर्तिवान एवं चुस्त दुरुस्त रखने हेतु कई गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे- 27 मार्च को बच्चों और अभिभावकों ने प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद जैसे दिमागी खेल के साथ-साथ व्यक्तिगत आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु 'फैशन शो में 'रैंप वॉक' किया।

इसके साथ हीं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम निरंतर 30 मार्च तक चली,जैसे-चित्रकला, कविता वाचन, नृत्य-संगीत, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदि।विद्यालय प्रांगण में प्रतिदिन प्रतियोगियों की चहल-पहल लगी रही, सभी उर्जान्वित और उत्साहित दिखे।

इस कार्यक्रम की सबसे रोचक बात यह थी, कि सभी कार्यक्रमों में अभिभावकों ने भी बच्चों के संग बढ़-चढ़कर भाग लिया। पांचवें एवं अंतिम दिन स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ दिमाग के धनी विजेताओं को विद्यालय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का आरंभ विद्यालय की ऐकेडमिक डाइरेक्टर डॉ० सिमी मेहता एवं ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोमा घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 100 से भी अधिक प्रतिभाशाली प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया जिनमें 60 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं 40 को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता ने कार्यक्रम को बहुत ही रोचक और उत्साहवर्धक बताते हुए मौके पर उपस्थित सभी अभिभावकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी खूब प्रशंसा की तथा साथ ही उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएँ भी दीं।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने भी बच्चों एवं अभिभावकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए उन्हें आश्वस्त किया और अभिभावकों से ऐसे ही सकारात्मक सहयोग की कामना की, उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम का समापन शिक्षिका सुप्रिया महतो के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् राष्ट्रीय गान से हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अभिभावकों के चेहरे पर खुशी की झलक दृश्यमान थी। वे विद्यालय के इस तरह के आयोजन से बहुत संतुष्ट नजर आ रहे थे। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

••○••

# O X F O R D (N) S C H O O L

Ph: 748596735

Opp. Yogda Math, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com


Press Release

## 'Games & Giggles' programme at Oxford (N) School

1st April, 2025,

The concluding day of the 'Games & Giggles' programme enchanted the participants and their parents, which was organised at the school premises for consecutive five days from 26th Marich '25 to 30th March '25.

The programme started with free health check up in collaboration with Paras Hospital, HEC, Dhurwa followed by fitness activities and competitions like drawing and colouring, recitation, fashion show, ramp walk, dancing, singing, quiz, fun games and group discussion of the parents. On the 5th day, prize distribution ceremony was organised to felicitate the brightest minds and the winners. The programme inaugurated jointly with lighting of the lamp by the guest of honour, Dr. Simi Mehta, the Academic Director of Oxford group of Institutions and the Principal of Nursery School, Mrs. Soma Ghosh.

The school awarded more than 60 parents and students from over 100 participants across Ranchi by giving away 60 certificates and 40 trophies.

Addressing the prize winners and their parents and guardians, the principal, Mrs. Soma Ghosh congratulated them for their sincere efforts and mindblowing talents.

The Academic Director, Dr. Simi Mehta expressed her gratitude to the students and to the parents for encouraging to organise more such events in the future. She ignited the prize recipients in her inspirational speech.

The programme ended with vote of thanks by the teacher, Supriya Mahto followed by national anthem. Senior teacher Mrs. N Sridevi conducted the entire programme successfully.

On this august occasion, all the teachers of Oxford (N) School and parents of the prize winners were present.

Throughout the programme all the participants, prize winners and their parents, teachers and staff members were brimming with excitement and joy.